## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मौनी अमावस्या को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में, आज से नो व्हीकल जोन घोषित हुआ प्रयागराज–महाकुंभनगर।
- मौनी अमावस्या के लिए एक हजार अतिरिक्त बसें चला रहा है राज्य सड़क परिवहन निगम, आज भी चलाई जा रही हैं साढ़े तीन दर्जन से अधिक विशेष ट्रेनें।
- कल धूमधाम से मनाया गया छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधता है संविधान।
- अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की शुरूआत करने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश, मुख्यमंत्री ने **रन फॉर कोआपरेशन** मैराथन को झंडी दिखा कर की शुरूआत।

**********

आज से प्रयागराज महाकुंभ नगर को नो–व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। उन्तीस जनवरी को मौनी अमावस्या पर आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए लिए यह निर्णय लिया गया है। भीड़ के घनत्व पर नजर रखने और संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ न होने देने के लिए एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आपात स्थिति से निपटने के लिए उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में रैपिड रिस्पांस टीम आरआरटी तैनात की गई है। एक रिपोर्ट–

***मौनी अमावस्या से पहले  से पहले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी संख्या देखी जा रही है। पिछले दो दिनों में एक करोड़ पच्चीस लाख से ज्यादा श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। रेलवे स्टेशन और बस अड्डे तीर्थयात्रियों से भरे हुए है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए प्रयागराज के अपर पुलिस अधीक्षक यातायात, अंशुमान मिश्रा ने बताया कि कुंभ क्षेत्र में तीस जनवरी तक निर्धारित पार्किंग से आगे किसी भी वाहन की आवागमन की अनुमति नहीं होगी।***

**मेला एकदम तैयार है सभी श्रद्धालु आयें यहां पर और श्रद्धालुओं के भीड़भाड़ को देखते हुए बड़ी गाड़ियों को मेले से दूर की पार्किंग और छोटी गाड़ियों को मेले की पार्किंग में भरा जा रहा है। पार्किंग के बाद श्रद्धालु पैदल चूंकि मेले क्षेत्र को पूर्व में ही नौ व्हीकल जोन घोषित किया गया है, जिसकी वजह से हम वाहनों को धीरे–धीरे अब रोकना शुरू कर रहे हैं, जिससे हमारे श्रद्धालु आयें और इस संगम स्नान का लाभ उठा सकें।**

**प्रदेश सरकार के अनुसार मौनी अमावस्या के दिन  आठ से दस करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान करने की सम्भावना है। श्रद्धालुओं के सुविधा के लिये बारह किलोमीटर लंबे घाटों का निर्माण किया गया है ताकि सभी लोग आसानी से संगम में स्नान कर सकें। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।**

इस बीच, राज्य सड़क परिवहन निगम महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर्व के दौरान एक हजार अतिरिक्त बसें चलायेगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने लखनऊ में उन्तीस जनवरी और तीन फरवरी को पड़ने वाले महत्वपूर्ण स्नान के क्रम में परिवहन निगम की तैयारियों की समीक्षा के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या के दौरान सात हजार बसों के संचालन की योजना परिवहन निगम ने पहले से ही बना रखी है।

वहीं महाकुंभ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे आज भी साढ़े तीन दर्जन से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इन ट्रेनों का विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी उपलब्ध है। कल शाम तक करीब ग्यारह करोड़ से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक महाकुंभ नगर आ चुके हैं।

**********

महाकुंभ में स्नान के लिए देश भर से राजनेताओं का भी पहुंचना जारी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कल त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने इस मौके पर सौहार्द और सहनशीलता की कामना की।

***मुझे आज 11 डुबकी लगाने का मौका मिला है। संगम पर  जो ये महाकुंभ मनाया जा रहा है 144 वर्षो के बाद मौका मिल रहा है। आज के दिन यही संकल्प लेते है और कामना है कि सौहार्द रहे, सद्‌भावना रहे और सहनशीलता के साथ आगे बढ़ते रहे।***

महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच कर श्रीरामलला का दर्शन पूजन कर रहे हैं। कल भी पंद्रह लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे और पूजा अर्चना की।

**********

कल पूरे देश में छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य–पथ पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ध्वजारोहण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक जाकर देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

गणतंत्र दिवस परेड में देश की सभ्यता, संस्कृति और वैज्ञानिक प्रगति को दर्शाने वाली मनमोहक झांकियां पेश की गईं। महाकुंभ पर आधारित प्रदेश की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। परेड में प्रदेश के कई विशिष्ट लोगों समेत दस हजार विशेष अतिथि शामिल हुए।

प्रदेश का मुख्य आयोजन कल लखनऊ में विधान भवन के सामने किया गया। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि भारत का संविधान सम और विषम हालात में पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधता है।

***75 वर्षों की हमारी यह शानदार यात्रा हम सबको संविधान के लागू होने के अमृत महोत्सव के साथ जोड़ रही हैं। यह हम सबके लिये एक नये चिंतन को आगे बढ़ाने का एक अवसर भी है। यह भारत का संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को न्याय देने के लिये, समता मूलक समाज की स्थापना के लिये आपस में बंधुता के सूत्र में जोड़ने का हमारा सबसे बड़ा मार्ग दर्शक है।***

प्रदेश भर में कल गणतंत्र दिवस पर विविध आयोजन किये गये।

**********

उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की शुरूआत की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल **रन फॉर कोओपरेशन** मैराथन को झंडी दिखा कर इस वर्ष का शुभारंभ किया। मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये सहकारिता को जीवन का हिस्सा बनाना ज़रूरी है।

***सहकारिता सहकार का ही एक परिवर्तित रूप है सहकारिता का सबसे उत्कृष्टतम रूप देखना हो तो इस सदी का महाकुंभ प्रयागराज उसका एक उत्कृष्टतम स्वरूप है सब कुछ सब कुछ ऑटो मोड पर चल रहा है एक दूसरे की सहभागिता के साथ चल रहा है भारत के जींस का हिस्सा है सहकारिता और एक स्वावलंबी भारत का निर्माण करना है तो सहकारिता को अपने जीवन का हिस्सा हमें बनाना पड़ेगा।***

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने सुल्तानपुर में पांच हजार और कौशाम्बी जिले में पंद्रह हजार मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का शुभारम्भ वर्चुअल माध्यम से किया।

**********

प्रदेश सरकार में मंत्री रविंद्र जायसवाल ने वाराणसी मंडल के विकास के लिए नये प्राधिकरण बनाए जाने के सरकार के फैसले को पर्यटन उद्योग के विकास में मददगार बताया है। चंदौली में कल मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह प्राधिकरण सनातन परम्परा और पर्यटन पर केंद्रित रहेगा।

***केन्द्र सरकार ने बहुत शानदार घोषणा किया कैबिनेट के अन्दर वाराणसी बिंद एनसीआर यानी की पुराना वाराणसी मण्डल, पुराना वाराणसी मण्डल मतलब कि पहले वाराणसी के मण्डल में मिर्जापुर जिला, सोनभद्र जिला, ये जो चन्दौली है बनारस जिले के पास का भदोही जिले बनारस के पास थे और पूर्व का जिला जौनपुर, गाजीपुर इनको मिला कर के वाराणसी बिंद एनसीआर यानी की पुनः एक तरह से वाराणसी के डेवलपमेंट के लिये एक नयी अथॉरिटी बनायी जायेगी। तो सनातन परम्परा जो टूरिज्म को फोकस करते हुए ये पूरा सात जिलों के विकास होगा।***

**********

कल दिन दिवसीय उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का समापन हो गया। इस मौके पर गौतमबुद्धनगर जिले के नोएडा के शिल्प हाट में चल रहे आयोजन के समापन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद डॉ महेश शर्मा ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से उत्तर प्रदेश विकास के नये आयाम छू रहा है।

**********